दैनिक भास्कर

## हरदोई में नकली कोल्डड्रिंक फैक्ट्री का भंडाफोड़:ब्रांडेड की नकल कर बना रहे थे पेय पदार्थ, केमिकल और फ्लेवर पाउडर जब्त



हरदोई के मल्लावां कस्बे में एक नकली कोल्डड्रिंक फैक्ट्री का पर्दाफाश हुआ है। शनिवार को खाद्य विभाग और पुलिस की टीम ने मिर्जापुर मोहल्ले में छापेमारी की। टीम ने एक घर में चल रही अवैध फैक्ट्री से नकली कोल्डड्रिंक और संबंधित सामग्री बरामद की।

गुफरान और उसका भाई इमरान एक मकान में अवैध रूप से कोल्डड्रिंक बना रहे थे। वे एक प्रसिद्ध कंपनी की 'स्टिंग' की नकल कर 'स्टेंग' नाम से पेय बना रहे थे। साथ ही 'लाहौरी जीरा' की जगह 'शाही जीरा' नाम से नकली ड्रिंक बेच रहे थे।

Source: https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/hardoi/news/fake-cold-drink-factory-busted-in-hardoi-135097898.html